# कार्यालय- अधिष्ठाता छात्र कल्याण

## चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर

पत्रांकः सीएसयूडब्लू- 1101 /2025 दिनांकः 04 मार्च फरवरी, 2025

1. अधिष्ठाता कृषि संकाय।
2. अधिष्ठाता सामुदायिक विज्ञान संकाय।
3. अधिष्ठाता वानिकी संकाय।
4. अधिष्ठाता उद्यान संकाय।
5. निदेशक प्रसार, प्रसार निदेशालय।

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्रांकः ई-1313/32-जी0एस0/2025 दिनांक 28.02.2025 एवं पत्रांकः ई-1314/32-जी0एस0/2025 दिनांक 28.02.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा मा0 कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से सामाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत "दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा" दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे तथा पढ़े विश्वविद्यालय/बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय के अन्तर्गत छात्र-छात्राएँ उनके अभिभावकगण तथा विश्वविद्यालय में कार्यरत कार्मिकों के एक साथ पुस्तक पढ़ने का कार्यक्रम अपने से सम्बन्धित संकायों एवं विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गाँवों के बच्चों को भी सम्मिलित कर कार्यक्रम आयोजित किये जाने की अपेक्षा की गयी हैं, साथ ही कार्यक्रम के जीओ टैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का विडियो बनाकर राजभवन भेजे जाने हेतु दिनांक 07.03.2025 को सायं 05:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी हेतु दोनो पत्रों की छायाप्रति (जिसमें दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा और कार्यक्रम मे प्रतिभाग करने वाले छात्र-छात्राओं तथा अन्य प्रतिभागियों के पंजीकरण का प्रारूप) संलग्न हैं।

(मुनीश कुमार)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्त।
प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. कुलसचिव।
2. प्रभारी, ए0के0एम0यू0 को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
3. कुलपति के तकनीकी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।

(मुनीश कुमार)
अधिष्ठाता, छात्र कल्याण

ई–मेल द्वारा

# राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0

**लखनऊ–226027**

संख्याःई– 1313/32–जी0एस0/2025

दिनांकः 28 फरवरी, 2025

प्रेषकः

**श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,**
**उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति/निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय/संस्थान
**उत्तर प्रदेश।**

महोदय/महोदया,

कृपया दिनांक 13.02.2025 एवं 21.02.2025 को हुयी बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से सामाजिक कुरीतियों के अन्तर्गत दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत की प्रतिज्ञा कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को अपरान्ह 12:15 बजे से विश्वविद्यालय एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में एक साथ आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

2. **"दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा"** एवं **"नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा" दोनों शपथ कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को निर्धारित समय अपरान्ह 12:15 बजे से** विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों तथा गोद लिये गावों में एक साथ आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले छात्र–छात्राओं एवं अन्य प्रतिभागियों का पंजीकरण विश्वविद्यालय स्तर पर किया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी का नाम, पता, मोबाइल संख्या आदि का स्पष्ट अंकन होगा।

3. इस सम्बन्ध में **"दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा"** एवं **"नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा"** का प्रारूप संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त दोनों शपथ कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व प्रतिज्ञा में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या संलग्न निर्धारित प्रारूप पर भौतिक रूप से दिनांक 08.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(हस्ताक्षर) 28/2/25

**(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)**
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव

**संलग्नकः यथोक्त।**

Vice Chancellor
C.S. Azad University of
Agriculture & Technology
KANPUR

1. DSW
2. All Deans

1/3/25

Sri Shivam

DSW
A.Singh
1/3/25

No. 1903/ DT–01/3/2025

## दहेज मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि विवाह के पवित्र बन्धन को दहेज रूपी सौदे से मुक्त रखूंगा। स्वयं दहेज न लूंगा और न ही दूंगा। दहेज लेने वालों और देने वालों का विरोध करूंगा और लोगों को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराऊंगा। अपने परिवार, मित्रों, और समुदाय को दहेज प्रथा के खिलाफ जागरूक करूंगा, पारिवारिक सम्बन्धों की मधुरता के प्रति संवेदनशील होने का दायित्वबोध कराऊंगा।

अपने जीवन में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से भारत को एक दहेज मुक्त, समतामूलक, जिम्मेदार और स्वस्थ विचारों का पोषक समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

****************************

## नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा

मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि किसी भी प्रकार के नशे अथवा मादक पदार्थ का सेवन न स्वयं करूंगा, न ही अन्य को प्रोत्साहित करूंगा । नशे से शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में परिवार मित्र, समाज व जन–जन को जागरूक करूंगा। किसी भी प्रकार के नशे के व्यापार की जानकारी मिलने पर मैं प्रशासन को इसकी सूचना दूंगा और कानूनी कार्यवाही का समर्थन करूंगा।

मेरा भारत देश एक नशा मुक्त, स्वस्थ, प्रगतिशील व समृद्ध राष्ट्र कहलाए इसके लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध रहूंगा।

जय हिंद जय भारत

28/02/25

<u>**प्रारूप**</u>

| क्र0 सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | महाविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | गोद लिये गये गावों में प्रतिभागियों की संख्या | अन्य प्रतिभागियों की संख्या | योग | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

ई–मेल द्वारा

# राज्यपाल सचिवालय, उ0प्र0

**लखनऊ–226027**

संख्याःई– 1314 / 32–जी0एस0 / 2025

दिनांकः 28 फरवरी, 2025

प्रेषकः

**श्री राज्यपाल / कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश।**

सेवा में,

कुलपति / निदेशक
समस्त राज्य विश्वविद्यालय / संस्थान
**उत्तर प्रदेश।**

महोदय / महोदया,

कृपया दिनांक 13.02.2025 एवं 21.02.2025 को हुयी बैठक का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें माननीया कुलाधिपति महोदया की प्रेरणा से **"पढ़े विश्वविद्यालय / बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय / बढ़े महाविद्यालय"** कार्यक्रम दिनांक 07.03.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से मध्यान्ह 12:00 बजे तक आयोजित किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। निर्देशानुसार कृपया उक्त कार्यक्रम को पूर्ण करने में निम्नवत् बिन्दुओं का ध्यान रखा जायः–

1. इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय एवं उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों के छात्रगण, शिक्षकगण एवं अन्य समस्त कार्मिक एक साथ अपने पसन्द की पुस्तक पढ़ेंगें।
2. कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों का पंजीकरण विश्वविद्यालय स्तर पर किया जायेगा, जिसमें प्रतिभागी का नाम, पता, मोबाइल संख्या आदि का स्पष्ट अंकन होगा।
3. पुस्तक पढने हेतु स्थान का निर्धारण कर लिया जाय।यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय / महाविद्यालय अपने–अपने परिसर में आयोजित करेंगें।
4. जहाँ तक सम्भव हो पुस्तक का पाठन एक आकृति बनाकर किया जाये। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिये गये गावों को भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित किया जाय।
5. कार्यक्रम का जीओ टैग फोटोग्राफ एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो बनाया जाय।

इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त कार्यक्रम आयोजित करते हुए कार्यक्रम की जीओ टैग फोटोग्राफ्स एवं अधिकतम 30 सेकेण्ड का वीडियो, पेन ड्राइव पर तथा कार्यक्रम के सम्बन्ध में आख्या व पुस्तक पाठन में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्रतिभागियों की संख्या संलग्न निर्धारित प्रारूप पर भौतिक रूप से दिनांक 08.03.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक इस सचिवालय को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Vice Chancellor
C.S. Azad University Of
Agriculture & Technology
KANPUR

**संलग्नकः यथोक्त।**

N-01902 / DT-01/3/2025

(डॉ. सुधीर एम. बोबडे)
कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव ,

C.S. AZAD UNIVERSITY OF AGRI. & TECH. KANPUR
V.C. No. R-174
Date 01/03/25

**प्रारूप**

| क्र0 सं0 | विश्वविद्यालय का नाम | विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | महाविद्यालय स्तर पर प्रतिभागियों की संख्या | गोद लिये गये गावों में प्रतिभागियों की संख्या. | अन्य प्रतिभागियों की संख्या | योग | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

DSW